


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

तापमान
34.4° अधिकतम | 22.0° न्यूनतम

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 10 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 3 प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 31 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# शहर का मौसम हुआ सुहाना, बीआईटी मेसरा में ओलावृष्टि

संवाददाता। रांची



राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को तेज हवा व गर्जन के साथ जोरदार बारिश हुई. वहीं शहर से कुछ किलोमीटर दूर स्थित बीआईटी मेसरा और उसके आसपास भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई. इससे मौसम सुहाना हो गया और शहर के लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत भी मिली. वहीं, दोपहर बाद से देर शाम तक रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण राजधानी के तापमान में गिरावट आयी है.

**30 से 50 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा :** मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों यानी 13 मई तक राजधानी समेत आसपास में ऐसा ही मौसम रहेगा. इस दौरान कई इलाकों में आंधी-तूफान, वज्रपात के साथ तेज बारिश होने की संभावना है. हवा की गति 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने सकती है. बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया गया है.

## आंधी-बारिश ने पावर ब्रेक, चार घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

विशेष संवाददाता। रांची

मौसम के बदले रुख ने एक ओर जहां रांची के लोगों को गर्मी से बहुत राहत दी, वहीं तेज आंधी-बारिश ने समस्या खड़ी कर दी. इसका सीधा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा. दिन के करीब एक बजे शुरू हुई आंधी-बारिश ने पावर सप्लाई पर ब्रेक लगाा दिया. करीब एक से दो घंटे तक सभी सबस्टेशनों के फीडरों से सुरक्षा के लिहाज से बिजली शट डाऊन कर दी गयी. मगर इस बीच आंधी-बारिश से कई लाइन डिस्टर्ब हो गया. इसके कारण करीब एक बजे से पांच बजे तक कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रही. सबसे ज्यादा असर शहर को वाटर सप्लाई करने वाले रूक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के बिजली आपूर्ति पर पड़ा. आंधी-बारिश के दौरान रूक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 33 केवी लाइन ब्रेक डाउन हो गया, जिसे शाम चार बजे तक ठीक कर लिया गया. इसके अतिरिक्त 11 केवी लाइन का इंसूलेटर पंचर हो गया. इसे भी देर शाम पौने आठ बजे तक ठीक कर लिया गया. पेयजल विभाग के इंजीनियर ने दावा किया कि रूक्का से तीनों मोटर से पानी की पंपिग शुरू हो गयी है. शुक्रवार को वाटर सप्लाई सामान्य रहेगी. मगर देर शाम तक बूटी पंप हाऊस में पानी नहीं आ पाया. इसके कारण शुक्रवार को वाटर सप्लाई आंशिक एवं अनियमित होने की आशंका है.

**नामकुम ग्रिड से आपूर्ति होने वाले कई लाइन प्रभावित :** आंधी-पानी से नामकुम ग्रिड से आपूर्ति होने वाले कई 33 केवी एवं 11 केवी लाइन में खराबी आयी. इसके कारण नामकुम, कांटाटोली, कोकर, दीपा टोली, बरियातू रोड व आसपास के इलाके में पांच से छह घंटे तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रही. आयी खराबी को देर रात तक री-स्टोर करने का काम चलता रहा.

### इन क्षेत्रों में भी रहा पावर कट



- ओल्ड एचबी रोड स्थित नया टोली में लोकल फाल्ट के कारण तीन घंटे बिजली बंद रही.
- **शांति नगर, कृष्णापुरी चुटिया, बहुबाजार इलाके में भी सुरक्षात्मक कारणों व लोकल फॉल्ट के मरम्मत को लेकर बारिश के बाद एक घंटे बिजली बंद रखी गई.**
- कांटा टोली फिरदौस नगर में दोपहर में गई बिजली शाम सात बजे बहाल हो पाई. यहां लोकल फॉल्ट की समस्या थी. शिकायत के बाद अविलंब दुरुस्त कर लिया गया.
- हिनू शुक्ला कॉलोनी वायपेयी पथ में पोल में शार्ट सर्किट हो गया. जिसके कारण इस क्षेत्र की लाइन बंद कर दी गई. यहां करीब एक घंटे के बाद मरम्मत कर बिजली बहाल हो पाई.–
- **इसके अलावा रांची वेस्ट डिवीजन के कई इलाकों में वज्रपात व मेघगर्जन के कारण इंसुलेटर पंचर होने की शिकायत आई.**
- सुरक्षात्मक कारणों से एक घंटे बिजली बंद होने के बाद भी अतिरिक्त एक घंटे मरम्मत के लिए बिजली बंद रखा गया.

## शहर में पसरा जलजमाव व गंदगी का आलम

**रांची।** राजधानी में दोपहर में तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश से नालियों का पानी सड़क पर भर गया. लोगों का आना जाना मुहाल हो गया. मेन रोड डेली मार्केट के अंदर जल जमाव हो गया था. इससे दुकानदार व ग्राहक दोनों परेशान रहे. मेन रोड आर अली बिल्डिंग के साथ कई दुकानों में नाली का पानी चला गया. दुकानदार बरसते पानी में अपनी दुकान में घुसे पानी को डिब्बे व बाल्टी से बाहर निकालने में लगे थे. गंदगी फैलने की वजह से काफी परेशानी हुई. लोगों ने कहा कि यह सब नगर निगम की लापरवाही की वजह से हुई है.

**यहां-यहां जलजमाव :** लेक रोड, सेवा सदन पथ, हरमू बाजार, हरमू बस्ती, हिंदपीढ़ी, नदी ग्राउंड, खेत मुहल्ला, कोकर, लालपुर चौक, पुरानी रांची, अपर बाजार, रांची एक्सप्रेस गली, हरमू कॉलोनी, आजाद बस्ती, पुंदाग, ढीपा टोली, नीचे कांटा टोली, मौलाना आजाद कॉलोनी, लोहरा कोचा, बहु बाजार, अरगोड़ा, किशोरगंज, डंगरोटाली, करम टोली, जेल चौक आदि क्षेत्र में जलजमाव की स्थिति रही.

## ब्रीफ खबरें

### नाले में मिला महिला का शव, जांच जारी

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के राजा कॉलोनी के नाले से पुलिस ने गुरुवार को महिला का शव बरामद किया है. बताया जाता है कि बारिश के दौरान महिला की शव नाले में बहते हुए आया. इसके बाद स्थानीय लोगों ने महिला का शव देखा, तो मामले की जानकारी लोअर बाजार थाने को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

### सरयू की पार्टी को मिला गैस सिलिंडर चुनाव चिह्न

**रांची।** चुनाव आयोग ने सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा को गैस सिलेंडर का चुनाव चिह्न आवंटित किया है. रांची लोकसभा से धर्मेंद्र तिवारी पार्टी के उम्मीदवार हैं. तिवारी ने बताया कि ईवीएम में गैस सिलेंडर का निशान पांचवें नंबर पर रहेगा. उन्होंने गुरुवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि देशभर के किसान खुदकुशी कर रहे हैं, उन पर भारी कर्ज है. किसानों को कर्ज के जाल से निकालने के लिए केंद्र के स्तर पर जो होना चाहिए था, वो नहीं हुआ.

### शूटर राहुल दुबे को एक माह में मिल गयी बेल

**रांची।** अमन साहू गैंग के कुख्यात अपराधी व शूटर राहुल दुबे को रांची सिविल कोर्ट ने जमानत दे दी है. राहुल दुबे को रांची से पिछले महीने गिरफ्तार किया था. उस पर रामगढ़, रांची और हजारीबाग में एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं. राहुल को ओरमांझी में भारत माला प्रोजेक्ट के साइट पर गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. उसकी जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त की कोर्ट में सुनवाई हुई.

चैंबर की गोष्ठी में केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्य के विकास पर दिया जोर

# झारखंड राज्य से पलायन को रोकना बड़ी चुनौतीः सीतारमण

विशेष संवाददाता। रांची

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि झारखंड से हो रहे पलायन को रोकना बड़ी चुनौती है. यह राज्य पलायन, अराजकता, भ्रष्टाचार का दंश झेल रहा है. वे गुरुवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 'बेहतर इस्टर्न इंडिया के लिए झारखंड का विकास' विषयक गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं. सीतारमण ने कहा कि कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करती है. लेकिन आंकड़े कुछ और ही हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग बेहद प्रतिभाशाली और साधारण हैं. उन्हें सिर्फ बेहतर नेतृत्वकर्ता के साथ एक मौका की जरूरत है. इसलिए इस बार देश की हित व भलाई को ध्यान में रखकर वोट करें. सीतारमण ने यह भी कहा कि बेहतर झारखंड के लिए बेहतर लोगों को चुनकर सदन में भेजें. कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और चैंबर के सदस्य भी मौजूद रहे.

**भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून व्यवस्था दुरुस्त हो :** केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि पलायन, अराजकता और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कानून व्यवस्था का दुरुस्त होना जरूरी है. साथ ही यहां के लोगों को सिर्फ खनिज संसाधनों पर भी पूरी तरह निर्भर होना बंद करना पड़ेगा. इसकी जगह अन्य दूसरे संसाधनों को भी विकसित करना होगा. उन्होंने कहा कि झारखंड में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देने की जरूरत है. बिजली पानी तो हमारी जरूरत है ही, लेकिन बेहतर अस्पताल पर भी ध्यान देने की जरूरत है.



### गोष्ठी की मुख्य बातें

- बेहतर झारखंड के लिए बेहतर लोगों को चुनकर सदन में भेजें
- **झारखंड के विकास के लिए एक बेहतर नेतृत्वकर्ता की जरूरत**
- खनिजों पर निर्भर होना बंद करें, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दें
- **आंकड़ों के जरीए बताया कि कैसे केंद्र ने झारखंड की मदद की है**

### देश में अपराध के मामले में झारखंड नंबर वन पर

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी का आंकड़ा कहता है कि आज झारखंड अपराध के मामले में पूरे देश में नंबर वन पर है. इसे हमें बदलने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि संताल परगना से हो रहा पलायन चिंता का विषय है. पहले झारखंड ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में था. लोग हैरान थे कि दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के बीच झारखंड ने कैसे अपना स्थान बना लिया. लेकिन आज झारखंड कहां है, किसी को नहीं पता है.

### केंद्र से झारखंड को मिली मदद को गिनाया

सीतारमण ने विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य के साथ सौतेला व्यवहार किये जाने के आरोप को निराधार बताया. केंद्र सरकार ने झारखंड के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में रिकॉर्ड 7,200 करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया है. जबकि, यूपीए सरकार ने इसके लिए सिर्फ 495 करोड़ का प्रावधान रखा था. मोदी सरकार ने झारखंड के लिए तीन वंदे भारत ट्रेन चलायी है. राज्य के 57 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के तहत सूचीबद्ध किया गया है, जिसका कार्य जारी है. उन्होंने कहा कि बेहतर झारखंड के लिए बेहतर लोगों को सदन में चुनकर भेजने की जरुरत है.

### कानून व्यवस्था सबसे जरूरीः बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सबसे जरूरी कानून व्यवस्था है. यह जब ठीक होगा, तभी हम भयमुक्त होकर व्यवसाय और अन्य सभी कार्य कर पाएंगे. आज हम रोजगार के लिए पलायन करते हैं, लेकिन अगर हम अपनी क्षमता का सही इस्तेमाल करना सीख गये, तो हमें पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी. सबसे ज्यादा पलायन गिरिडीह जिले से है. पहले यहां पर अबरख और कोयला हुआ करता था, जो अब समाप्त हो चुका है. यही कारण है कि यहां के लोग बड़े शहरों में पलायन करने के लिए विवश हैं. लोग आज कहते हैं झारखंड में टूरिज्म के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है. लेकिन इन सभी का एक ही हल है कि हमारा जो अपना बेसिक इंफ्रास्टक्चर है, वो ठीक हों. जैसे कि अच्छी बिजली, सड़कें और अच्छा अस्पताल. ये चीजें ठीक होंगी, सब कुछ अपने आप सुधर जाएगा.

डबल इंजन की सरकार ने गरीबों का निवाला छीनाः चंपाई सोरेन

# जून से मुफ्त बिजली की योजना

प्रमुख संवाददाता। सरायकेला/रांची

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्ष 2019 के पहले डबल इंजन की सरकार ने राज्य के 11 लाख राशन कार्ड को डिलीट किया. पांच हजार स्कूलों को बंद कराने का कार्य किया. इस कारण 2019 के चुनाव में जनता ने राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंका. झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी. सीएम गुरुवार को सरायकेला के राजनगर हाईस्कूल मैदान में इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

सीएम ने कहा कि झामुमो की सरकार ने 20 लाख गरीब परिवारों को हरा कार्ड दिया. गांव के गरीब बच्चे पढ़-लिख कर शिक्षित हों, इसके लिए मॉडल स्कूल खोला गया. डबल इंजन की सरकार की सोच थी कि गांव के गरीब बच्चे पढ़ नहीं सकें, परंतु झामुमो की सरकार गरीब ग्रामीण बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रही है. सीएम ने कहा कि जून माह से गरीबों को फ्री में बिजली मिलेगी. इससे 30 लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे.

**सारंडा जंगल को पूंजीपतियों को बेच देगी मोदी सरकार :** चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा को बहुरूपिया पार्टी कहा. उन्होंने कहा कि भाजपा अच्छे दिन जैसे लुभावने वादे कर आदिवासियों को ठगती आई है. अब आरक्षण कानून को खत्म कर पूंजीवादी व्यवस्था को बढ़ावा देने की योजना है. मोदी सरकार आने वाले दिनों में सारंडा जंगल को पूंजीपतियों को बेच देगी. आदिवासी-मूलवासियों के गौरवशाली इतिहास को मिटा देगी.



### स्थानीय नीति व ओबीसी आरक्षण को भाजपा ने रोका

सीएम ने कहा कि आदिवासी मूलवासी हित में झामुमो ने स्थानीय नीति व पिछड़ा आरक्षण नीति विधानसभा से पास कर राजभवन को भेजा था. परंतु केंद्र के भाजपा सरकार के इशारे पर राजभवन ने फाइल को आगे नहीं बढ़ाया, जिसके कारण वह लागू नहीं हो सका. सीएम ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी-मूलवासियों को धोखा देने का काम किया है. यह चुनाव देश की दिशा को तय करेगा. पांच साल बाद मौका मिला है. झूठा आश्वासन देनेवालों जुलमेबाजों से सावधान रहने व उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है. भाजपा झारखंड का इतिहास व भूगोल मिटाने की सोच रखती है.

## कचरा उठानेवाली 57 गाड़ियों को ईवी में किया जाएगा कन्वर्ट

**रांची।** पर्यावरण को बचाने के लिए नगर निगम ने गो ग्रीन कैंपेन शुरू किया है. इस कैंपेन के तहत दैनिक सफाई कार्य में कचरा उठाने वाली 57 डीजल गाड़ियों को इलेक्ट्रिक व्हीकल में कन्वर्ट किया जा रहा है. बता दें कि निगम के पास कई वर्षों से खराब पड़े वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) में परिवर्तित करते हुए दुरुस्त किया जा रहा है.


**छह वाहन ईवी में कन्वर्ट :** वाहनों को ईवी में कन्वर्ट करने का काम सायरस क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है. एजेंसी द्वारा काम कन्वर्सन का काम शुरू कर दिया गया है. अब तक प्रयोग के तौर पर नगर निगम ने छह गाड़ियों को ईवी में कन्वर्ट कर दिया है. वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट भी बनाया जाएगा.

## नहीं सुधर रही रांची में ट्रैफिक जाम की समस्याः हाईकोर्ट

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई. मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या में कोई सुधार नहीं हो रहा है. मेन रोड में सुजाता चौक से अल्बर्ट चौक तक ट्रैफिक नियम का रोज उल्लंघन होता है. कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रैफिक एसपी से इंस्ट्रक्शन लेकर कई बिंदुओं पर जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है.

कोर्ट को बताया गया कि महात्मा गांधी मार्ग (मेन रोड) में सुजाता चौक से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक दो पहिया वाहन वाले बिना हेलमेट के चलते हैं एवं ट्रिपल राइडिंग भी करते हैं. इस पर कोर्ट ने सरकार को बताने को कहा है कि सुजाता चौक से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक ट्रैफिक नियम के पालन करने को लेकर क्या कार्रवाई की गई है. इस इलाके में कितने चालान ट्रिपल राइडिंग एवं बगैर हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों से काटे गए हैं? कोर्ट ने यह भी पूछा है कि रांची के किन-किन इलाकों में ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने पर सबसे ज्यादा चालान कटता है? शहर में किन-किन जगहों पर सीसीटीवी है और कहां-कहां यह फंक्शनल है और कहां-कहां यह फंक्शनल नहीं है? कोर्ट ने ट्रैफिक पोस्ट के संबंध में भी सरकार से जवाब मांगा है. पूछा है कि मेकॉन चौक के पास, हाईकोर्ट के गेट नंबर 2 के पास पुलिसकर्मी बगैर ट्रैफिक पोस्ट के सड़कों पर सुबह नौ से रात नौ बजे तक खड़े रहते हैं. कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि रात में नौ बजे के बाद रांची शहर में ट्रैफिक पुलिस कर्मी के नहीं रहने पर ट्रैफिक के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलता है या नहीं.



- **मेन रोड में सुजाता चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक ट्रैफिक नियम का रोज होता है उल्लंघन**
- **कोर्ट ने गृह सचिव और ट्रैफिक एसपी से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 15 को**

### टोल फ्री नंबर 112 पर करें ध्वनि प्रदूषण से संबंधित शिकायत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एवं रांची सिविल कोर्ट तथा अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के परिसर की 100 मीटर की दूरी के अंदर पड़ने वाले क्षेत्र में परिवेशीय शोर उत्सर्जन की निर्धारित गुणवत्ता मानक, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, विधानसभा, प्रोजेक्ट बिल्डिंग, नेपाल हाउस सचिवालय परिसर क्षेत्र का मानक सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे तक 50 डेसीबल (ए) एलईक्यू निर्धारित किया गया है. वहीं रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 40 डेसीबल (ए)एलईक्यू किया गया है. औद्योगिक क्षेत्र में ध्वनि उत्सर्जन के लिए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत ध्वनि उत्सर्जन का मानक सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे तक 75 डेसीबल (ए) एलईक्यू रहेगा एवं रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 70 डेसीबल (ए) एलईक्यू रहेगा.

**ग्राउंड रिपोर्ट** 35 साल में आठ बार भाजपा के सांसद रहे, पर सुविधाओं से महरूम रहा खूंटी का एक गांव

# नवीडीह गांव की नहीं बदल सकी सूरत व सीरत

प्रवीण कुमार। रांची

खूंटी के एक गांव की सूरत और सीरत आज तक नहीं बदल पाई है. पिछले 35 साल से आठ बार यहां से भाजपा के सांसद चुने गए, मगर खूंटी के नवाडीह गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं. चार बार चुने गये भाजपा विधायक और भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री के पद पर रहे जनप्रतिनिधि भी मुंडा दिशुम के गांव के विकास का शिल्पकार सबित नही हुए. मुंडा दिशुम में आज भी जल, जंगल, जमीन का मुद्दा अहम है. इसे लेकर ग्रामीण कहते हैं कि जो चुनाव लड़ रहे हैं, वह कभी भी ग्रामीणों के साथ इन मुद्दे पर खड़ा नहीं हुए हैं. बिरसा मुंडा के नाम से खूंटी की बनी पहचान अब अफीम की खेती के लिए जानी जा रही है.



### तिलमा पंचायत में आज तक नहीं बनी पक्की सड़क

नावाडीह गांव की दूरी खूंटी जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर है. तिलम पंचायत में नवाडीह खूंटकट्टी गांव पड़ता है, जहां करीब 75 खूंटकटीदार मुंडा परिवार रहते हैं. एक दो घरों को छोड़ बाकी सभी कच्चे मकान हैं. प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा आवास और अबुआ आवास की झलक गांव में नहीं दिखती. ग्रामीण कहते हैं हमलोग भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा का आंख बंद कर के सपोर्ट करते थे. लेकिन 20 साल से विधायक रहने के बाद भी गांव का विकास नहीं किया गया. अर्जुन मुंडा को भी वोट देकर 2019 में जिताया, लेकिन उन्होंने भी गांव के विकास का ख्याल नहीं रखा.

### क्या कहते हैं ग्रामीण

- **जल-नल योजना में की खानपूर्तिः हातु मुंडा :** समुयेल मुंडा (हातु मुंडा) कहते हैं कि गांव में पीने की पानी की समस्या है. नल-जल योजना से गांव में बनी जल मीनार बनी है, लेकिन ठेकेदार नें मानमाने तरीके से काम किया है. घरों तक पाइप तो बिछा दिया, लेकिन नल नहीं लगाया. दिन में एक बार पानी चलता जाता है, लेकिन नल नहीं होने के कारण सब बेकार हो जाता है.
- **आधी से अधिक जमीन गायब हो गयीः परता :** परता मुंडा कहते हैं कि हमारी खुदकटी जमीन ऑनलाइन में देखने पर आधी ही दिखती है. सरकार ने जमीन के दस्तावेज को ऑनलाइन कर रखा है, जिसमें हमारी आधी से अधिक जमीन गायब है. गांव में जमीन की को लेकर कई समस्याएं है. हमारी रसीद नहीं कट रही है. हमारी जमीन कहां गई, इसकी चिंता किसी जनप्रतिनिधि को नहीं है.
- **गर्भवती महिलाओं को अस्पताल जाने में होती है परेशानी :** ग्रामीण कहते हैं कि गांव को पक्की सड़क से नहीं जोड़ा गाया है. आजादी के 76 साल बाद करीब दो किलोमीटर तक सड़क कभी बना ही नहीं. गर्भवती महिलाओं और रोगियों को अस्पताल ले जाने में परेशानी होती है.

### सांसद बनने के बाद गायब रहे अर्जुन मुंडा

2024 झारखंड में खूंटी लोकसभा सीट पर पूरे देश की नजरें टिकी हैं. मोदी कैबिनेट में जनजातीय मामलों के मंत्री और तीन बार झारखंड के सीएम रह चुके अर्जुन मुंडा का कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से सीधा मुकबला है. इस लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में कहा जा रहा है कि सांसद बनने के बाद अर्जुन मुंडा गायब ही रहे. 2019 के पहले तक यहां से भाजपा के वयोवृद्ध नेता और लोकसभा के पूर्व उपसभापति कड़िया मुंडा चुनाव जीतते रहे थे. 1989 से कड़िया मुंडा भाजपा के टिकट से सात बार चुनाव जीत चुके है. वहीं, 2019 में अर्जुन मुंडा यहां से जीते.

**शुभ मुहूर्त :** ग्राहकों के इंतजार में सजधज कर तैयार दोपहिया वाहनों का बाजार, दुकानों में बढ़ी चहल-पहल

# अक्षय तृतीया आज, राजधानी में होगा करोड़ों का कारोबार



संवाददाता।रांची

शुभ मुहूर्त के रूप में मान्यताप्राप्त पर्व अक्षय तृतीया 10 मई को होगा. इस अवसर पर राजधानी के देवालयों एवं सनातन धर्मावलंबियों के घर पूजा पाठ के कार्यक्रम होंगी, वहीं बाजार भी गुलजार रहेगा. कारण, सनातन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन घर में सोना-चांदी या बहुमूल्य सामान लाना अति शुभ और विशेष माना जाता है. इस पर्व को यादगार बनाने के लिए लोग नयी बाईक और स्कूटी खरीदते है. इसके लिए लोग एक महीने पहले ऑन लाइन और ऑफ लाइन बुकिंग करना शुरू कर देते हैं. इस अवसर पर राजधानी के दो पहिया वाहनों और सोना-चांदी का बाजार ग्राहकों के इंतजार में सजधज कर तैयार है, इस क्रम में दोपहिया वाहनों का बाजार उल्लेखनीय है, जिसके प्रतिष्ठानों में चहल-पहल बढ़ गयी है. उन प्रतिष्ठानों में रातू रोड के होंडा शोरूम, हीरो श्यामा शोरूम, द रामसन्स मोटर्स, सुजूकी शोरूम हरमु रोड शामिल हैं, जहां दो करोड़ से अधिक का कारोबार होने की संभावना है.




**होंडा शोरूम**

रातू रोड के होंडा शोरूम में अक्षय तृतीया को लेकर खास तैयारी की गयी है. इसके लिए शोरूम में ग्राहकों को कम डाउन पेमेंट पर पेट्रोल से चलने वाले दो पहिया वाहन उपलब्ध कराये जा रहे है. होंडा शो रूम के सेल्स मैनेजर दीपक कुमार ने बताया कि चार दिन में 50 गाड़ियां बुक कराया गया है. सभी वाहन एक से शुरू होकर दो लाख रुपये तक में आसानी से मिल जा रहा है.



**श्यामा हीरो शोरूम**

रातू रोड स्थित श्यामा हीरो शोरूम में अक्षय तृतीया को लेकर शोरूम में लोगो ने 35 स्कूटी और बाइक बुक कराया है. शोरूम के सेल्स मैनेजर अविनाश सिंह ने बताया कि इस साल अक्षय तृतीया को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखा गया है. पिछले साल की तुलना में इस बार लोग ज्यादा खरीद रहे हैं.




**सुजूकी शोरूम**

सुजूकी शोरूम के सेल्स एक्जक्युटिव प्रिंस कुमार प्रजापति ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर उन प्रतिष्ठान में 25 स्कूटियां बुक करायी गयी हैं. इसके लिए ग्राहकों के लिए दो मॉडल का बाइकें मार्केट में उतारी गयी हैं, जिसमें निकेट और स्पोर्ट फाइरिंग शामिल है. स्कूटी के तीन मॉडल बाजार में हैं, जिनमें क्लासिक रेटरोलुक, स्पोटी लुक और मैम्सी स्कूटर शामिल हैं.

**रामसन्स मोटर्स हरमू रोड**

रामसन्स मोटर्स शोरूम के सेल्स मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कि एक सप्ताह में 8 बुलेट की बुकिंग हुई है. सभी बुलेट पट्रोल से चलने वाले दो पहिया वाहन हैं, जिसमें मॉडल 42 बबर का मेस्ट्रेट कोपर, जावा 42 सीसी/ सीआर, येएजडी रोडस्टीयर के मॉडल एसबी एचजी शामिल हैं.

# ऑफरों की बहार, गुलजार है सर्राफा बाजार





राजन बॉबी।रांची

अक्षय तृतीया अक्षय फलदायी माना जाता है. इसी भाव से लोग इस दिन पूजा-अर्चना और दान-पुण्य कर जमकर खरीदारी भी करते हैं. इसके मद्देनजर आटोमोबाइल और रियल इस्टेट कारोबार में जमकर धन वर्षा होती है, लेकिन सबसे अधिक सर्राफा बाजार गुलजार रहता है. शुभकारी और निवेश की दृष्टि से बेहतर होने के कारण सनातनी बजट के अनुसार सोना-चांदी और डायमंड की खरीदारी करते हैं. पहले भड़कदार गहने लोगों के मन भाते थे, पर वर्तमान समय में अत्यधिक भाव होने से हल्के वजन की ज्वेलरी लोगों की पहली पसंद बन गयी है. यही कारण है कि सर्राफा कारोबारी एफोर्डबल रेंज वाली खूबसूरत कलेक्शन के साथ ऑफरों की सौगात लुटा रहे हैं. कहीं सोने और चांदी के सिक्के के साथ मेकिंग चार्ज में डिस्काउंट दिया जा रहा है तो कहीं इसके साथ सीधी छूट देने की भी योजना है. हीरे के ज्वेलरी पर भी विशेष छूट दी जा रही है. ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट सेक्टर में भी बूम रहेगा. शहर के कई दुपहिया और चारपहिया वाहनों के शो रूम में लोगों ने पहले से बुकिंग करा रखी है, ताकि अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में अपने पसंद के वाहन घर ला सकें. इस मौके पर दुकान और जमीनों की बुकिंग भी करायी जाएगी. व्यापारियों को इस त्योहार में 150 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है.

### उम्मीद से बेहतर होगा कारोबार : प्रदीप कुमार



त्रिभुवन संस ज्वेलर, मेन रोड के संचालक प्रदीप कुमार का मानना है कि इस बार अक्षय तृतीया का करोबार उम्मीद से बेहतर होने का अनुमान है. उन्होंने बताया कि सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, नाक की लांग और बालों के साथ ही एक, दो, पांच, 10 और 20 ग्राम तक के सोने के सिक्के भी शो रूप में उपलब्ध है. सोने की कीमतों में इस बार लगातार तेजी बने रहने के कारण लाइट वेट की खूबसूरत ज्वेलरी का हेवी कलेक्शन इस बार लाये हैं, ताकि लोग असानी से अपने बजट के अनुरूप खरीदारी कर सकें. आभूषणों की बिक्री एचयूआइडी हालमार्किंग के साथ की जा रही है.

### पहले ही करा ली है बुकिंग, आज घर लायेंगे सपनों की कार

अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में लोग वाहनों की खरीदारी करते हैं. कई लोगों ने पहले से कार की बुकिंग करवा रखी है, ताकि अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में लोग अपने सपनों की कार घर ला सकें. हुंडई हैचबैक, मारुति सुजुकी, हॉन्डा और टाटा की गाड़ियां पसंद की जा रही हैं. होंडा सिटी, मारुति स्विफ्ट, एमजी हेक्टर, महिंद्रा और टाटा की गाडियां इस समय सबसे ज्यादा डिमांड है. अक्षय तृतीया पर शहर के विभिन्न कंपनियों के शो रूम से बड़ी संख्या में डिलेवरी लेंगे.

### होंडा और महिंद्रा की कारों पर दिये जा रहे छूट के ऑफर

अक्षय तृतीया को लेकर कारों पर भी शानदार डिस्काउंट ऑफर चल रहा हैं. यह डिस्काउंट टाटा, मारुति की गाड़ियों के साथ ही होंडा और महिंद्रा की कारों पर भी मिल रहा है. अक्षय तृतीया पर मारुति की सौ से भी ज्यादा कारों की डिलेवरी शहर के विभिन्न शो रूम से की जायेगी. एमजी के मेन रोड स्थित शो रूम से सात, होंडा के पिस्का मोड़ शो रूम से 22 और टाटा के शोरूम से नौ गाडियों की डिलेवरी होगी.

### दुर्लभ संयोग मिलने से और भी बढ़ गया अक्षय तृतीया का मान

अक्षय तृतीया पर दुर्लभ संयोग मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है. आचार्य अजय मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को चंद्रमा अपनी उच्च राशि यानी वृषभ राशि में मौजूद रहेंगे. सूर्य भी अपनी उच्च राशि यानी मेष में होंगे. इसके अलावा अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र रहेगा और रवि, धन, गजकेसरी, शुक्रादित्य, शश, लक्ष्मी नारायण और त्रिग्रही योग का दुर्लभ संयोग मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है.



### विशेष फलदायी है श्रीहरि और महामाया लक्ष्मी की पूजा-अर्चना

महामाया लक्ष्मी, श्रीनारायण और तंत्र की देवी भगवती की पूजा अक्षय तृतीया पर विशेष फलदायी है. आचार्य चंद्रकांत ने बताया कि कनकधारा स्रोतंम का पाठ अति महत्वपूर्ण माना जाता है. धार्मिक अनुष्ठान स्वयं या पुरोहितों से कराया जा सकता है. अनुष्ठान में बिल्वगीरी तथा नारियल गट से की गयी आहूति पूजा को सफलीभूत करेगी. कमल गट्टे और कमल फूल से पूजा-अर्चना करना विशेष फलदायी है।

### मारुति की कारों पर बंपर ऑफर : विवेक खत्री




प्रेमसंस मोटर्स, कांके रोड के विवेक खत्री ने बताया कि शुक्रवार को फोर्थ जनरेशन मारुति स्विफ्ट लॉन्च की जायेगी. इस मौके पर बुकिंग करने वालों को भारी छूट के साथ हेवी डिस्काउंट दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि मारुति सुजुकी की बाकी गाड़ियों पर भी 43 से लेकर 67 हजार तक का डिस्काउंट दिया जा रहा हैं. दो पहिया वाहन का आरसी दिखाने पर पांच हजार की नगद छूट देने की भी योजना है.

### टाटा की गाडियों पर 80 हजार तक की छूट : अमित चक्रवर्ती



सेल्स मैनेजर अमित चक्रवर्ती ने बताया कि टाटा की गाड़ियों में अप टू 80 हजार तक के डिस्काउंट दिए जा रहे है. शुक्रवार छह से 30 लाख रुपये तक की गाड़ियों की डिलेवरी दी जायेगी.शुभ मुहूर्त में लोग अपने सपनों की कार घर ले जा सकें, इसके लिए समुचित व्यवस्था पहले से की गयी है.उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया पर दर्जनों लोग वाहन की बुकिंग करायेंगे.

### होंडा की गाडियों पर मिलेगा विशेष डिस्काउंट



सेल्स मैनेजर राजीव कुमार ने बताया कि होंडा की गाड़ियों में भी बंपर ऑफर है. 114500 से लेकर 55 हजार तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है. होंडा सिटी में सबसे ज्यादा छूट है. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बुकिंग करने वालों के लिए भी आकर्षक छूट देने की योजना है. महत्वपूर्ण मौके पर गाड़ी खरीदने के लिए लोग पहले से बुकिंग करा रखी है, ताकि छूट के साथ शुभ मुहूर्त में गाड़ी खरीद सकें.

**सर्राफा कारोबारी दे रहे तरह-तरह के ऑफर**

आभूषणों की खरीदारी पर कई सर्राफा कारोबारियों ने ऑफरों की बहार ला दी है. आकर्षक छूट दे कर ग्राहकों को लुभाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है. 10 से 20 प्रतिशत छूट के साथ मेकिंग चार्ज पर भी 20 से 25 प्रतिशत तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है. हीरे के आभूषणों पर भी 15 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है. त्रिभुवन संस ज्वेलर, मेन रोड, मां गायत्री ज्वेलर्स, अलंकार ज्वेलर्स, कुलदीप संस, तुलस्यान ज्वेलर्स, तनिष्क, श्रीगजानंद ज्वेलर्स आदि के शो रूप में लोग गहने पसंद कर सुरक्षित करा रहे हैं, ताकि अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में अपने पसंद की ज्वेलरी घर ला सकें.

## न्यूज अपडेट

### श्री सर्वेश्वरी समूह रांची के प्याऊ का शुभारंभ

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा (औघड़ भगवान राम आश्रम, अघोर पथ, लेक रोड़) ने आज रांची के अशोकनगर, अरगोड़ा चौक के पास निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया. प्याऊ की शुरुआत से पहले विधिवत पूजन और आरती की गयी. प्याऊ लगने से इस भीषण गर्मी में राहगीरों को स्वच्छ एवं शीतल जल मिलेगा. निःशुल्क प्याऊ ग्रीष्म ऋतु की समाप्ति तक रोजाना चलेगा. शाखा द्वारा इस वर्ष यह तीसरा प्याऊ लोगों की सेवा के लिए शुरू किया गया है. कार्यक्रम में आशुतोष कुमार, आलोक देव सिंह, वन्दना देव सिंह, गिरेन्द्र नाथ शाहदेव, समुद्र श्रीनाथ शाहदेव, सुधीर कुमार सिंह, कीर्तिमान नाथ शाहदेव, बद्रीनाथ शाहदेव सहित अन्य उपस्थित थे.



### चुटिया के प्राचीन राम मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**रांची।** प्राचीन श्रीराम मंदिर चुटिया का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया जायेगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. सुबह पूजा-अर्चना और हवन आदि अनुष्ठान होंगे. दोपहर भक्तों के बीच प्रसाद बांटा जायेगा. शाम साढ़े सात बजे देवी-देवताओं की सामूहिक आरती उतारी जायेगी. इसके बाद भोग का प्रसाद सभी के बीच बांटा जायेगा. मंदिर समिति के विजय कुमार साहू ने बताया कि यह अति प्राचीन मंदिर है. इसकी स्थापना 1685 में की गयी थी. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.


### लेखानंद झा के निधन पर शोक, दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा के निधन की खबर फैलते ही झारखंड के मैथिल समाज में शोक की लहर दौड़ गयी. विभिन्न संगठनों की ओर से शोक सभाएं आयोजित की गयीं तथा उनमें उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. इसी क्रम में झारखंड मिथिला मंच के कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया. सभा की अध्यक्षता डॉ. आनंद शेखर झा ने की. अध्यक्ष ने कहा कि लेखा बाबू के निधन से पूरे मैथिल समाज को अपूरणीय क्षति हुई है. इनके योगदान को समाज कभी भी भूल नहीं सकता है. मंच के मीडिया प्रभारी संजीत झा ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में आनंद शेखर झा, सतीश झा, सुनील झा, निशिकांत पाठक, सुजीत झा के संग संग जानकी प्रकोष्ठ की महासचिव निशा झा, कोषाध्यक्ष उषा पाठक के अलावा मंच के अन्य सदस्य उपस्थित थे.



### हरमू यूथ को हराकर सेमी फाइनल में पहुंचा सेल

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में सेल यूनिट्स रांची की टीम ने हरमू यूथ क्रिकेट क्लब को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया. बारिश के कारण मैच में एक ही पारी हो पाई. मैच का फैसला टॉस से हुआ, जिसमें से की टीम ने जीत दर्ज की. फाइनल मुकाबला मेकॉन और सेल के बीच शनिवार को मेकॉन ग्राउंड में होगा. सेल टीम के तरफ से मोहित कुमार मैन ऑफ द मैच बने, उन्होंने 7 ओवर की गेंदबाजी में 43 रन देकर 2 विकेट चटकाए. हरमू क्रिकेट क्लब से श्रेष्ठ सागर ने 96 व प्रिंस कुमार सिंह ने 49 रन बनाए.



### बालाजी मंदिर में मनेगा अक्षय तृतीया का पर्व

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जायेगा. मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि इस पावन मौके पर ही सभी विद्याओं के आधार श्रीहयग्रीव जयंती ,त्रेता युगादि तिथि, कल्पादि तिथि आदि अनेकों महत्वपूर्ण पर्वों का दिन है. पुनीत पावनी पर्वों की संगम तिथि के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा- अर्चना और महाभिषेक आदि अनुष्ठान होंगे. मंगलोत्सव मनाया जायेगा. उन्होंने बताया कि सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद अनुष्ठान शुरू होगा, जो दोपहर बाद तक चलेगा. शाम चार बजे से पुनः दर्शन-पूजन का सिलसिला देर शाम तक चलेगा. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

### ब्राह्मण महासभा मनायेगा परशुराम जयंती

**रांची।** ब्राह्मण महासभा शुक्रवार को श्रद्धाभाव से परशुराम जयंती मनायेगा. जयंती समारोह महासभा के प्रधान कार्यालय, चुटिया में इसका आयोजन किया जाएगा. संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि इस मौके पर पूजा-अर्चना का खास आयोजन किया जायेगा.

चहेतों ने हज यात्रियों को किया रुखसत

# आजमीन ए हज का पहला जत्था कोलकाता से रवाना

संवाददाता।रांची

पाक ए हज का सफर शुरू हो गया है. हर मुसलमान की दिली तमन्ना होती है कि अपनी जिंदगी में हज जरूर करें. पर मौला जिसे बुलाता है, उसे ही यह खुशनसीबी हासिल होती है. झारखंड के आजमीन ए हज का पहला जत्था कोलकाता से गुरुवार को जेद्दा के लिए विमान से रवाना हुआ.

**हज यात्रियों के आंखों में छलके खुशी के आंसू :** इससे पूर्व उनके अपने, पराये, दोस्त अहबाब, रिश्तेदार, पड़ोसी तथा दूर दराज के लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचे. यह मिलने का सिलसिला घर से ही जारी है. लोग पहुंच कर उनसे गले मिल कर मदीने वालों को अपना सलाम कहने व दुआ की गुजारिश कर रहे हैं. फूल मालाओं से उनका इस्तकबाल (स्वागत) किया गया.



**झारखंड के 301 हज यात्री हुए रवाना :** गुरुवार को झारखंड के 301 आजमीन ए हज कोलकाता एयरपोर्ट से मदीना के लिये रवाना हुए. हज यात्री तीन विमानों में गये. पहला विमान 2.30 बजे, दूसरा 4.30 बजे और तीसरा 6.30 बजे रवाना हुआ.

**प्रतिभा को प्रोत्साहन** उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय रांची में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

# जैक की माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करनेवाली छात्राएं सम्मानित

संवाददाता रांची

रांची के उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, रांची में गुरुवार को झारखंड अधिविध परिषद (जैक ) द्वारा संचालित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में राज्य, जिला एवं विद्यालय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त छात्राओं को अपने विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार मौजूद थे. उर्सुलाइन स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर पुष्पा एरगट ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि वर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी की दक्षता, संबद्धता व कुशल मार्गदर्शन से जिले के विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊर्जा मिली है. इस धर्म संघ का मुख्य उद्देश्य नारी शिक्षा है. यह मुख्य रूप से युवतियों को शिक्षा देकर आदर्श नारी बनाता हैं, जिससे समाज परिवार देश एवं विश्व का उत्थान हो. यह उन्हें स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता एवं आत्मगौरव के साथ जीने की शिक्षा देता है.

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षकों का महत्व पहले की अपेक्षा कम है. जब हम मास्टर कहते हैं. इसका मतलब उसके प्रोफेशन से है कि वह व्यक्ति अपने प्रोफेशन में निपुण है. हेड मास्टर का अर्थ है प्रधान शिक्षक जो अपने विद्यालय के संचालन में प्रमुख भूमिका निभाता है तथा अपने विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षकों का प्रधान होता है. उन्हीं के नेतृत्व में विद्यालय आगे बढ़ता है. उन्होंने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में कभी भी पारितोषिक या ट्रॉफी नहीं पाया, परंतु वर्तमान में वह मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देते हुए काफी गौरवान्वित महसूस करते हैं. इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. राज्य एवं जिले तथा विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त विद्यार्थियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य सिस्टर दोरोथिया, सचिव उर्सुलाइन कॉन्वेंट उच्च विद्यालय तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थी.



### अर्सुलाइन कॉन्वेंट की स्थापना

उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय राची की स्थापना सन 1903 ईस्वी में बेल्जियम से उर्सलाइन धर्म वाहनों के भारत आगमन के बाद सिस्टर एंथोनी, सि गोंजागा, सिस्टर उर्सुला एंव सिस्टर सबीना द्वारा हुई थी. यह विद्यालय अपनी प्रगति के करीब 120 वर्ष 11 प्रधानाध्यापिकाओं के संरक्षण में पूर्ण कर चुका है. उर्सुलिन धर्म संघ की स्थापना संत एंजेला में मेरिसी द्वारा सन 1535 ईस्वी में इटली में की गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### महताब खान गिरफ्तार कारतूस बरामद

**नवादा ।** नवादा जिले के मेसकौर थाने के सातन बीघा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर हत्या के प्रयास, रंगदारी सहित विभिन्न कांडों में फरार को कुख्यात अपराधी महताब खान को एक बंदूक, एक देसी कट्टा तथा 20 कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है. नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बुधवार देर रात उन्हें मेसकौर के थाना प्रभारी ने खबर दी कि कुख्यात अपराधी महताब खान के घर में भारी मात्रा में शास्त्र रखे हुए है.

### नकली शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**अररिया ।** जिले की कुआड़ी ओपी थाना पुलिस ने एक शराब कारोबारी को नेपाल निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार किया है. कुआड़ी ओपी थानाध्यक्ष ने गुरुवार को कहा कि गिरफ्तार कारोबारी को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुर्साकांटा के कमलदाहा के वार्ड संख्या 3 के रहने वाले मो. कायम शराब का अवैध कारोबार करता है. नेपाल से तस्करी कर शराब लाकर गांव में ऊंची कीमतों में शराब बिक्री करने का काम करता है. सूचना के सत्यापन को लेकर जब कुआड़ी ओपी थानाध्यक्ष ने पुलिस बलों के साथ छापेमारी की तो मो. कायम को 20 बोतल नेपाल निर्मित शराब के साथ रंगेहाथ पकड़ा.

### अस्पताल में भर्ती एक और जवान की मौत

**अररिया ।** अररिया में तीसरे चरण के दौरान हुए लोकसभा चुनाव में चार होमगार्ड जवान की मौत हो गई. जोकीहाट के सतधारा प्राथमिक विद्यालय में चुनाव के दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद मंगलवार को आनन-फानन में उसे अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई. मृतक होमगार्ड जवान मनोज झा सीतामढ़ी में पदस्थापित थे. किशनगंज में दूसरे चरण के चुनाव कराने के बाद तीसरे चरण में चुनाव के लिए अररिया आए थे. उनका विभागीय बैच संख्या 14690 है.

## लोकसभा चुनाव : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा

# देश में लव जिहाद खूब हुआ अब वोट जिहाद चल रहा है

- बोले-बीरेंद्र शर्मा की हत्या हो गई, लेकिन यह हत्या नहीं चुनौती थी

**संवाददाता । बेगूसराय**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश की दिशा देखें. देश में जो हो रहा है, वह देखें. पूरे देश में पीएम मोदी को हराने के लिए वोट जिहाद हो रहा है. लव जिहाद हुआ, लैंड जिहाद हुआ और अब वोट जिहाद हो रहा है. इस वोट जिहाद को टक्कर देना तो पीएम मोदी के साथ एक-एक सनातनी को खड़ा होना पड़ेगा. तभी इसे टक्कर दे पाएंगे. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमसे तो आप लड़ लेंगे. आपका अधिकार है. हम आपके पास रहेंगे. हम आपकी बात को मानेंगे और सुनेंगे. लेकिन, यह समय तानाशाह का समय है. समय जरूर बदल गया. तारीख जरूर बदल गई है. लेकिन, माहौल बिगड़ते जा रहा है. आपको पता है इसी बेगूसराय में एक अतिपिछड़े समाज का मुखिया था. उसकी हत्या हो गई. आप जानते हैं उसकी हत्या क्यों हो गई? 60 प्रतिशत वहां हिन्दू थे. 40 प्रतिशत अन्य धर्म के थे. बीरेंद्र शर्मा की हत्या हो गई. यह हत्या नहीं चुनौती थी.

## वोट देकर पीएम मोदी को मजबूत बनाएं



गिरिराज सिंह ने कहा कि आप वोट नहीं देंगे आप राष्ट्र निर्माण में पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे. बेगूसराय के खातोपुर में अगर हमारा शिव मंदिर टूटता है तो कोई जाए या न जाए अगर गिरिराज को कुर्बानी देनी होगी तो मैं वहां दूंगा. अगर खातोपुर में किसी मस्जिद का एक ईंट भी उखड़ गया होता तो बेगूसराय में आग लग गई होती. लेकिन, आपकी उपस्थिति रही. बेगूसराय के लोग अगर अपना समर्थन देते तो तस्वीर कुछ और होती. मैं विनती करता हूं कि जब सनातन बचेगा तभी आपकी जाति बचेगी.

## तेजस्वी बोले-देश की जनता ने 100 में जीरो नंबर मोदी को दिया

- देश की जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि मोदी जैसा झूठा प्रधानमंत्री नहीं मिलेगा

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है. इसी कड़ी में तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी से कहा है कि मोदी ने 10 साल में कोई काम नहीं किया है उन्हें देश की जनता ने 100 में जीरो नंबर दिया है. उन्होंने जनता को ठगा है और जनता अब समझ चुकी है कि भारत में ही नहीं पूरे विश्व में पीएम मोदी जैसा झूठा प्रधानमंत्री नहीं मिलेगा. दरअसल, तेजस्वी ने पीएम के सवाल की



अडानी अंबानी के बारे में विपक्ष क्यों नहीं बोल रहे हैं कोई डील हुई है क्या को लेकर कहा कि, पीएम हैं जांच करा लें. कार्रवाई उनको ही करनी है. उन्होंने कहा कि, नौकरी, रोजगार और मुद्दे की बात पीएम मोदी नहीं करते हैं. 10 साल तक उन्होंने कोई काम नहीं किया. देश की जनता ने आपको 100 में से जीरो नंबर दिया है. पीएम मोदी ने जनता को ठगा है. तेजस्वी ने पीएम से पूछा कि, पूरे देश की जनता को नौकरी हो, किसानों का आय हो, आप बोल रहे थे कि सबका पक्का मकान बना देंगे, सबको विशेष राज्य का दर्जा देंगे, आपने कहा कि, हर साल दो करोड़ नौकरी देंगे, 15-15 लाख रुपए देंगे, इलेक्टोरल बॉन्ड मिला तो कैसे मिला, इस पर क्यों नहीं बोल रहे प्रधानमंत्री? उन्होंने कहा कि, देश की जनता समझ चुकी है कि पूरे देश में नहीं पूरे विश्व में पीएम मोदी जैसा झूठा प्रधानमंत्री नहीं मिलेगा. ये यहीं टिक नहीं रहे ना चुनाव में इसलिए इधर उधर घूम रहे हैं.



पटना। राजद सांसद मनोज झा ने गुरुवार को पटना में पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान जदयू के पूर्व सांसद रंजन यादव के राजद में शामिल होने पर उनका स्वागत करते.

### नगरपालिका का फर्जी कर्मी बन अवैध वसूली करने वाला गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के छतौनी थाना क्षेत्र से नगर पालिका का फर्जी स्टाफ बनकर अवैध वसूली करनेवाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्त कोटवा थाना क्षेत्र निवासी रमेश सिंह बताया गया है. एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को बताया कि छतौनी चौक पर नगर पालिका का स्टॉफ बताकर पैसे की वसूली की जा रही है. सूचना के आलोक में छतौनी थाना को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, जिसके बाद छतौनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुये फर्जी नगर पालिका स्टॉफ रमेश सिंह को अवैध रुप से वसूली करते पकड़ा गया.

## जोगबनी बॉर्डर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कुख्यात शूटर गिरफ्तार

**संवाददाता । अररिया**

भारत-नेपाल सीमा के जोगबनी बॉर्डर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का कुख्यात शूटर प्रकाश पकड़ा गया है. उसे अररिया के जोगबनी से गिरफ्तार किया गया है. राजस्थान के बीकानेर में एक होटल से जुड़े फिरौती मामले में वो मोस्ट वांटेड है और रिमांड होम से भागकर वह विराटनगर (नेपाल) में छिपकर रह रहा था.

बताया जा रहा है कि जोगबनी रेलवे स्टेशन के पास एटीएम फ्रॉड मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है. जोगबनी पुलिस जिसे एक मामूली एटीएम फ्रॉड का आरोपी समझ कर गिरफ्तार किया है. वह दरअसल राजस्थान के विश्नोई ग्रुप का शूटर है. विश्नोई गैंग राजस्थान का एक बड़ा आपराधिक समूह है. इनके विरुद्ध राजस्थान में कई मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार आरोपी के संबंध में आईबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लॉरेंस विश्नोई ग्रुप का आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ जय प्रकाश पिता शांता राम बिकानेर, राजस्थान के जवाहर सर्किल थाना का निवासी है. इसे वर्ष 2023 में बीकानेर के जी ग्रुप के होटल में एक करोड़ की फिरौती मामले में गिरफ्तार किया गया था. जी ग्रुप के होटल में 16 राउंड फायरिंग मामले का आरोपी भी है.

## गया में अपराधियों ने बुजुर्ग को गोलियों से भून डाला, मौत

**संवाददाता । गया**

बिहार में अपराधी बैखौफ नये-नये वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. आये दिन हत्या, लूट, छिनतई और गोलीबारी की खबरें सुनने को मिलती है. ताजा मामला गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के न्यू अबगिला पहाड़तल्ली का है. जहां बैखौफ अपराधियों ने एक बुजुर्ग को गोलियों से भून डाला. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी. इस गोलीबारी में एक युवक को भी गोली लगी है. घायल युवक को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. मृतक की पहचान मोहम्मद सलाउद्दीन के रूप में हुई है. घायल युवक की पहचान मोहम्मद महबूब के रूप में की गयी है.

**अपराधियों ने काफी देर तक इलाके में मचाया तांडव :** बताया जाता है कि न्यू अबगिला पहाड़तल्ली पर हथियारों से लैस होकर काफी संख्या में अपराधी आये और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे. इस गोलीबारी में एक बुजुर्ग और युवक को गोली लग गयी. अपराधियों ने काफी देर तक इलाके में तांडव मचाया. इस दौरान उनलोगों ने कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.



**दाखिल किया नामांकन**

**पटना में गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राम कृपाल यादव अपने परिवार के साथ.**

## काराकाट लोस सीट से पवन सिंह ने भरा पर्चा

**संवाददाता । सासाराम**

भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने गुरुवार को काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए निर्दलीय नामांकन दाखिल किया. उनके नामांकन से एनडीए के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की टेंशन बढ़ गई है. क्योंकि बीच में सांसद मनोज तिवारी का बयान आया था कि वह पवन सिंह से बात करेंगे. हालांकि बातचीत हुई या नहीं लेकिन नामांकन दाखिल कर पवन सिंह ने अपने तेवर दिखा दिए हैं. नामांकन दाखिल करने के लिए पवन सिंह सासाराम समाहरणालय पहुंचे. इस दौरान उन्हें देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी थी. करीब 12 बजे के आसपास



पवन सिंह नामांकन दाखिल करने के लिए पहुंचे थे. काराकाट लोकसभा सीट से नामांकन करने से पहले ने भगवान के दर्शन किए. बड़ों का आशीर्वाद लिया. बता दें कि पवन सिंह ने पहले ही कहा है कि वह अपनी मां के आशीर्वाद से यहां से चुनाव लड़ रहे हैं.

**पवन सिंह की एंट्री से मुकाबला हुआ त्रिकोणीय :** दरअसल, काराकाट लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा हैं तो वहीं महागठबंधन से राजा राम मैदान में हैं. इस सीट पर चुनावी मुकाबला जबरदस्त होने वाला है. लगातार इस क्षेत्र में पवन सिंह रोड शो कर रहे हैं और लोगों के बीच जा रहे हैं. पवन सिंह की एंट्री से यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है. बता दें कि पवन को बीजेपी ने आसनसोल से टिकट दिया था. टीएमसी नेताओं के घेरे जाने के बाद पवन सिंह ने 24 घंटे में ही यह घोषणा कर दी थी कि वह किसी कारण से आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ेंगे. हालांकि बाद में उन्होंने एक्स पर बताया कि वह हर हाल में चुनाव लड़ेंगे. इसके बाद काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया.

## कारोबार

### एशियन पेंट्स का शुद्ध लाभ 1.34 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** एशियन पेंट्स लिमिटेड लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1.34 प्रतिशत बढ़कर 1,275.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की तिमाही में मुनाफा 1,258.41 करोड़ था. एशियन पेंट्स ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 8,730.76 करोड़ रही, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 8,787.34 करोड़ थी. इस दौरान कुल व्यय बढ़कर 7,319.1 करोड़ रुपये हो गया.

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में 16% की गिरावट

**नयी दिल्ली ।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में अप्रैल में पूंजी प्रवाह मासिक आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा. मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों से जुड़े कोष में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा है. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी कोष में शुद्ध प्रवाह हुआ है. मासिक आधार पर होने वाली निवेश योजना के तहत योगदान 20,000 करोड़ रुपये को पार कर गया.

### एसबीआई का शुद्ध लाभ 18.18% बढ़ा

**मुंबई ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.18 प्रतिशत बढ़कर 21,384.15 करोड़ रुपये हो गया. वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में यह 18,093.84 करोड़ रुपये रहा था. बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एकल आधार पर तिमाही के दौरान उसका मुनाफा सालाना आधार पर 16,694.51 करोड़ रुपये से बढ़कर 20,698.35 करोड़ रुपये हो गया. वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक की कुल आय सालाना आधार पर 1.06 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.28 लाख करोड़ रुपये हो गई.

## भारत 100 अरब डॉलर का आंकड़ा छूने वाला दुनिया का पहला देश बना

# भारत को रेमिटेंस के रूप में मिले 111 अरब डॉलर

**भाषा । नयी दिल्ली**

दुनिया में एक तरफ आर्थिक मंदी जैसे हालात बने हुए हैं. इससे किसी की विदेशी मुद्रा भंडार घट रही है तो कोई अपनी अर्थव्यवस्था को गति देने में लगा है. इस बीच भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से ग्रोथ करने वाली इकोनॉमी बनी हुई है. इसमें बड़ी भूमिका विदेशों से भारत भेजे जानेवाले पैसा है. इस मामले में भारत ने चीन और फ्रांस जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में डंका बजाया है. यूनाइटेड नेशंस के मुताबिक भारतीयों ने अपने देश सबसे ज्यादा पैसा विदेश से स्वदेश भेजा है. यूनाइटेड नेशंस के तहत काम करने वाले 'इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने 'वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट-2024' पेश की है. इसमें 2022 के तमाम देशों के रेमिटेंस (विदेशों में काम करने वाले लोगों का स्वदेश पैसा वापस भेजना) का आंकड़ा दिया गया है.

**विदेशों में कमाई कर रहे भारतीयों ने रुपये भेजने के मामले में नया रिकॉर्ड कायम किया है :** आईओएम ने कहा कि भारत को साल 2022 में रेमिटेंस के रूप में 111 अरब डॉलर मिले. यह

**मेक्सिको रेमिटेंस मामले में दूसरे नंबर पर रहा**



**बनाया रिकॉर्ड**

- भारत के 1.8 करोड़ लोग विदेशों में काम करते हैं
- सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है

दुनिया में सबसे अधिक है. इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला दुनिया का पहले देश बन गया है. भारत के 1.8 करोड़ लोग विदेशों में काम करते हैं. इनमें से यूएई, अमेरिका और सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है. इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने मंगलवार को जारी अपनी वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में रेमिटेंस प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस शामिल हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में भारत सबसे ऊपर ऊपर रहा. उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है. मेक्सिको 2022 में रेमिटेंस के मामले में दूसरे नंबर पर रहा. यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था. इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है.

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी रेमिटेंस के मामले में टॉप पर रहा. उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला. दक्षिण एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश रेमिटेंस पाने वाले टॉप 10 देशों में रहे. पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमशः करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला. पाकिस्तान छठे और बांग्लादेश आठवें नंबर पर रहा.

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल हैं. कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 प्रतिशत या 1.8 करोड़ है. उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है. रेमिटेंस बढ़ने के मामले में जानकारों का कहना है कि पहले भारत से अकुशल श्रमिक कम आमदनी वाले खाड़ी देशों में ज्यादा तादाद में जाते थे. लेकिन अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या बढ़ गई है. ये लोग अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे ज्यादा इनकम वाले देशों में जा रहे हैं. जहां वे अपनी योग्यता का इस्तेमाल कर पैसे बना रहे हैं. इसका फायदा देश को मिल रहा है.

### बायजू ने अपने पाठ्यक्रमों की फीस में 30-40% तक कटौती की

**नयी दिल्ली ।** शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत की कटौती करने के साथ बिक्री प्रोत्साहन को 50-100 प्रतिशत बढ़ा दिया है. बायजू के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बायजू रवींद्रन ने 1,500 बिक्री सहयोगियों और प्रबंधकों के साथ एक बैठक में कारोबार विस्तार और लचीलेपन के लिए अपनी बिक्री रणनीति में बदलाव की घोषणा की है. घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा, बायजू लर्निंग ऐप की वार्षिक सदस्यता अब 12,000 रुपये (करों सहित) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि बायजू क्लासेस और बायजू ट्यूशन सेंटर (बीटीसी) की पूरी कीमत समूचे साल के लिए क्रमशः 24,000 रुपये और 36,000 रुपये है. उन्होंने कहा कि इस तरह पाठ्यक्रम शुल्कों में लगभग 30-40 प्रतिशत की कटौती की गई है. कंपनी के मूल्यांकन में भारी गिरावट आने से पैदा हुए वित्तीय संकट से उबरने की कोशिश में लगे रवींद्रन ने पाठ्यक्रमों की बिक्री करने वाली टीम का प्रोत्साहन बढ़ाने के साथ उनका सारा बकाया चुकाने का भी वादा किया है. बायजू ने कहा, औसत बिक्री वेतन 40,000 रुपये प्रति माह है.

## सीईओ कृतिवासन को 2023-24 में 25 करोड़ रुपये वेतन मिला

**एजेंसी । मुंबई**

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने वित्त वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ रुपये से अधिक का वेतन लिया. कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. राजेश गोपीनाथन के अचानक टीसीएस से अलग होने के बाद कृतिवासन ने पिछले साल जून में देश की सबसे बड़े आईटी सेवा कंपनी के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला था. उनकी नियुक्ति पांच साल की अवधि के लिए है. टीसीएस की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, कृतिवासन ने पिछले वित्त वर्ष में 3.08 करोड़ रुपये के लाभ, भत्ते के साथ 1.27 करोड़ रुपये का वेतन लिया और उन्हें 21 करोड़ रुपये का कमीशन भी मिला. इसमें कहा गया है कि कृतिवासन की आय में टीसीएस के सबसे बड़े बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा के वैश्विक प्रमुख के रूप में उनका पारिश्रमिक भी शामिल है. दिलचस्प बात यह है कि कंपनी के सीओओ एन जी सुब्रमण्यम ने बीते वित्त वर्ष में 26.18 करोड़ रुपये कमाये.



नयी दिल्ली में मिस यूनिवर्स 2023 की विजेता व निकारागुआन मॉडल शेन्निस पलासियोस बुधवार को एक कार्यक्रम में प्रेसवार्ता के दौरान जवाब देती हुई.

## शेयर बाजार

## स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली

# सेंसेक्स 1,062 अंक व निफ्टी 22,000 अंक फिसला

- सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया
- चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे

**एजेंसी । मुंबई**



स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक के स्तर नीचे आ गया. विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 370.1 अंक तक लुढ़क गया था. सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया. इसके अलावा एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही.

दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और एचसीएल टेक लाभ में रहे. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा. अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में भी बुधवार को मिला-जुला रुख रहा था. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.48 प्रतिशत चढ़कर 83.89 डॉलर प्रति बैरल रहा. सेंसेक्स बुधवार को 45.46 अंक नुकसान में रहा था जबकि निफ्टी 22,302.50 अंक पर स्थिर रहा था.

पेज वन का शेष

### संविधान बदलने की जरूरत...

यह एक लंबी बहस का विषय है. लेकिन लब्बोलुआब यह है कि इन दिनों संविधान बदलने को लेकर आरोप प्रत्यारोप का जो दौर चल रहा है, वह बेमानी है. जब नेहरू ने बिना संविधान बदले कैबिनेट फॉर्म वाली सरकार को दरकिनार कर खुद मुख्तार बन गये थे, इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका से लेकर संवैधानिक संस्थाओं को उनकी औकात बता दी थी और मोदी संसद से लेकर सरकार तक के पर्याय बन गये हैं, तब संविधान बदलने की जहमत उठाने की क्या जरूरत है?

वैसे मेरा मानना है कि हमारा संविधान कोई गीता, कुरान, बाइबल तो है नहीं, जिसमें ना संशोधन किया जा सकता है, न उसे बदला जा सकता है. संविधान में संशोधन होते रहे हैं, आगे भी होंगे, होने भी चाहिए, क्योंकि इस जीवंत दस्तावेज की जीवंतता, उपयोगिता और समय सापेक्षता बनी रहे. अफसोसनाक यह है कि सरकारें संशोधन अपने हिसाब से करती हैं, हमारे हिसाब से नहीं. सरकारें संविधान बदले बगैर अपने एजेंडे लागू करती रही हैं तो फिर चार सौ सीटें मिलने पर मोदी संविधान बदल देंगे, यह सिर्फ और सिर्फ चुनावी आरोप है. संविधान केवल लोकसभा नहीं बदल सकती.

